पंजाब केसरी 10/09/2025

# 'आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस का सोशल मीडिया और विद्यार्थियों में प्रभाव' पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता



जी.एम.एन. कॉलेज में 'आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस का सोशल मीडिया और विद्यार्थियों पर प्रभाव' पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 9 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में अंग्रेजी विभाग के सौजन्य, लैंग्वेज लैब तथा इंग्लिश लिटरेरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का विषय 'आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस का सोशल मीडिया और विद्यार्थियों पर प्रभाव' था। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के सार्वजनिक भाषण कौशल को निखारना और उन्हें अपने विचारों एवं मतों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना सिखाना था। यह सत्र विचारों, सोच और दृष्टिकोणों का एक बहु प्रदर्शक था, जिसने छात्रों के बीच आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के बारे में ज्ञान एवं समझ को बढ़ाया।

शुरुआत में प्रत्येक प्रतिभागी ने आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के औचित्यए कार्यान्वयन और इसके संभावित भविष्य के प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इससे विभिन्न प्रकार के विरोधाभासी विचार सामने आए। कुछ विद्यार्थियों ने इसके पक्ष में एवं कुछ ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के फायदे एवं नुकसान पर समान रूप से अपने विचार सांझा किए। यह प्रतियोगिता बेहद रोचक रही, जिसमें आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस का सोशल मीडिया और विद्यार्थियों पर प्रभाव के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए गए। प्रथम स्थान पर फिलेमन फिलिप, दूसरे स्थान पर प्रगति और तीसरे स्थान पर एडलिन रही।

प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में डा. अमित कुमार विभागाध्यक्ष और डा. कमलेश शामिल थी। आयोजन सचिव की भूमिका महक तलवार ने निभाई। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डा. ज्योति सोरोत, डा. अंशु चौधरी एवं डा. नीना और लैंग्वेज लैब से हर्षिता और कमलप्रीत विशेष रूप से उपस्थित थे।